मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 185
सोमवार, 20 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## जनता के बीच खराब छवि वाले लोगों के लिए राकांपा में कोई जगह नहीं: अजित पवार

**शिरडी, 19 जनवरी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि जनता के बीच खराब छवि वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उनकी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में कोई जगह नहीं है। अजित ने कहा कि गलत काम करने वालों को पार्टी से निकाल दिया जाएगा। वर्ष 2023 में अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर राकांपा पर दावा करने वाले अजित पवार ने कहा कि भविष्य राकांपा का है। उन्होंने शिरडी में राकांपा सम्मेलन में अपने समापन भाषण में कहा, गांवों और हर गली-मोहल्ले में राकांपा कार्यकर्ता का आधार तैयार किया जाना चाहिए। सभी को समन्वय के साथ काम करना चाहिए। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में राकांपा ने 41 सीटें जीतीं, जो शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) से चार गुना ज्यादा है। अजित ने कहा, विधानसभा चुनाव के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के आकांक्षी लोगों को 25 घरों के समूह से वोट सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार कार्यकताओं का चयन करना चाहिए। अगर 25 घरों में से प्रत्येक से चार वोट (राकांपा के लिए) डाले जाते हैं, तो हमें 100 वोट मिलेंगे। उन्होंने राकांपा कार्यकताओं से युवाओं,



डॉक्टरों, इंजीनियरों और वकीलों को पार्टी से जोड़ने की अपील की। अजित ने कहा कि राकांपा से लोग जुड़ रहे हैं, लेकिन पार्टी को एकजुट रहना चाहिए और इसकी छवि प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, जनता के बीच खराब छवि वाले व्यक्ति के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। कोई भी गलत आचरण नहीं होना चाहिए। जो लोग गलत काम करेंगे, उन्हें पार्टी से निकाल दिया जाएगा। अजित की यह टिप्पणी सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में राकांपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे की विपक्षी दलों द्वारा की गई आलोचना की पृष्ठभूमि में आई है। उन्होंने चिकित्सा सहायता और आश्वासन कार्यान्वयन प्रकोष्ठों के गठन की घोषणा की।

उन्होंने कहा, चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ हर मंत्री के कार्यालय में होगा। अजित ने कहा कि राकांपा गणेश उत्सव तक हर निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम एक चुनावी वादा पूरा करने की कोशिश करेगी।

## बीड में बस ने तीन लोगों को कुचला, चालक गिरफ्तार

**बीड, 19 जनवरी।** महाराष्ट्र के बीड जिले में रविवार तड़के राज्य परिवहन की एक बस ने तीन लोगों को कुचल दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब छह बजे हुई जब युवाओं का एक समूह बीड तालुका के घोडका राजुरी गांव के पास पुलिस भर्ती के लिए प्रशिक्षण ले रहा था।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस बीड से परभणी की ओर जा रही थी, तभी उसने सड़क किनारे प्रशिक्षण ले रहे तीन लोगों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि समूह के दो अन्य लोग सुरक्षित बच गए।

अधिकारी ने बताया कि मृतक सुबोध मोरे (20), विराट



घोडके (19) और ओम घोडके (20), घोडका राजुरी गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए बीड के जिला अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है।

अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने राज्य परिवहन की बस में तोड़फोड़ की और मृतकों के परिजनों के लिए राज्य परिवहन विभाग में नौकरी की मांग की।

## निजी व्यक्तियों से 1.50 करोड़ रुपये के शिक्षा ऋण पर जवाब दें सिसोदिया : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया से कुछ निजी व्यक्तियों से 1.50 करोड़ रुपये के शिक्षा ऋण के मामले में जवाब मांगा है।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि यह ऋण सिसोदिया के बेटे की विदेश में शिक्षा के लिए लिया गया था। भाजपा पर पलटवार करते हुए आप ने भाजपा से उसके नयी दिल्ली के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की संपत्ति के बारे में सवाल किया। आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा, ह्यह्यमनीष सिसोदिया ने बेटे की पढ़ाई के लिए ऋण लिया तो भाजपा में हड़कंप मच गया, जबकि प्रवेश वर्मा ने 55 करोड़ रुपये निजी ऋण समेत 63 करोड़ रुपये की देनदारी घोषित की और भाजपा इस पर कुछ नहीं कह रही है। सिसोदिया के चुनावी हलफनामे का हवाला देते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री को मिले 1.50 करोड़ रुपये के शिक्षा ऋण में तीन व्यक्तियों ने योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सिसोदिया को मिले ऋण की जांच के लिए एजेंसियों से संपर्क करेगी।

## लखीमपुर खीरी में 10 करोड़ रुपये कीमत का मेफेड्रोन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) और पुलिस की एक विशेष टीम ने सदर कोतवाली क्षेत्र में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलोग्राम मादक पदार्थ मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के सैधारी गांव के पासछापा मारकर एक निजी अस्पताल रॉयल केयर मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। बयान में खीरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा के हवाले से बतायागया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान खीरी जिले के राकेश विश्वकर्मा और विक्रम सिंह के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि इस संबंध में सदर कोतवाली पुलिस में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियमकी संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है । और अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। उत्तर प्रदेश एएनटीएफ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पड़ोसी देश नेपाल से सस्ते दामों पर मेफेड्रोन की तस्करी करने की बात कबूल की, जिसे वे नेपाल से सटे जिलों में ऊंचे दामों पर बेचते थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने कबूल किया कि गिरफ्तारी के दिन वे एक ग्राहक को तस्करी किया गया मादक पदार्थ देने के लिए अस्पताल पहुंचे थे।

## राहुल गांधी को नहीं पता कि इंदिरा गांधी और नेहरू ने संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ की: जेपी नड्डा

**अहमदाबाद।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के 'संविधान गौरव अभियान' में बोल रहे थे।

हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया। नड्डा ने कहा, 'आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है।' उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें 'सिर्फ पढ़ते' हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था, 'भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज व्यवस्था से लड़ रहे हैं।'

नड्डा ने कहा, 'भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में हमें याद रखना चाहिए कि किसने संविधान के साथ छेड़छाड़ की और इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। यह भी याद रखें कि किसने संविधान की रक्षा की और किसने बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों की रक्षा करने के साथ उन्हें रेखांकित करने का काम किया।' उन्होंने कहा कि नागरिकों को उन पाखंडी लोगों से सचेत और सावधान रहना चाहिए जो संविधान को पढ़े बिना इसकी प्रति लेकर घूमा करते हैं।

## अरविंद केजरीवाल को खत्म करने की कोशिश कर रही भाजपा: मुख्यमंत्री आतिशी

**नई दिल्ली, 19 जनवरी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अरविंद केजरीवाल को खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की कार पर हुए कथित हमले में शामिल लोगों में से एक को प्रवेश वर्मा के साथ 'अक्सर देखा जाता है'।





एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने दो लोगों की तस्वीर भी जारी की, जिनकी पहचान शैंकी और रोहित त्यागी के रूप में हुई है, उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सदस्य हैं और नई दिल्ली विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के करीबी सहयोगी हैं।

आतिशी ने कहा, 'कल नई दिल्ली में नई दिल्ली विधानसभा के अंदर अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया गया। यह हमला भाजपा के गुंडों द्वारा किया गया था। अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले लोग कौन थे? करीब से देखने पर पता चला कि एक नाम है- 'शैंकी', जो भाजपा का उपाध्यक्ष है और अक्सर अपने इलाके में प्रवेश वर्मा के पोस्टर लगाता हुआ दिखाई देता है। इसके अलावा, वह अक्सर प्रवेश वर्मा के साथ पाया जाता है। प्रचार के दौरान शैंकी प्रवेश वर्मा के साथ निकटता से जुड़ा रहता है।'

आतिशी ने आगे बताया कि शैंकी उर्फ राहुल का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मामले लंबित हैं। उन्होंने बताया, 'उसके खिलाफ गंभीर आरोप दर्ज हैं, जिसके तहत उसे सात साल तक की सजा हो सकती है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोप दर्ज हैं। शकरपुर थाने में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और डकैती के आरोप लंबित हैं और उन मामलों में कार्रवाई चल रही है। पहाड़गंज थाने में भी उसके खिलाफ डकैती और मारपीट का मामला दर्ज है। उसके जैसे कट्टर अपराधियों पर पहले से ही डकैती और डकैती के दौरान हत्या के आरोप हैं, जिन्हें अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए भेजा गया था। संजय सिंह ने इस मुद्दे पर कहा, 'भाजपा विधानसभा चुनाव में हमें हराने में असमर्थ है, इसलिए वह अरविंद केजरीवाल को अपने रास्ते से हटाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है।' राजधानी में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है और नतीजों की घोषणा आठ फरवरी को की जाएगी।

## अजित ने संभवत: बीड की स्थिति को देखते हुए प्रभारी मंत्री का पदभार संभाला : जयंत पाटिल

**सोलापुर, 19 जनवरी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राकांपा (शरद पवार) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने संभवतः सरपंच की हत्या के बाद उत्पन्न स्थिति को देखते हुए बीड जिले के प्रभारी मंत्री का पद संभाला है। महाराष्ट्र में मंत्रियों को एक या उससे अधिक जिलों की जिम्मेदारी दी जाती है। राज्य सरकार की ओर से जारी सूची के अनुसार पवार को उनके गृह जिले पुणे के अलावा बीड जिला भी सौंपा गया है।

यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पाटिल ने कहा कि प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति की आलोचना करने का कोई मतलब नहीं है और लोगों



को अब यह देखना होगा कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा कि बीड में स्थिति जटिल है, इसलिए शायद अजित पवार ने उसे तरजीह दी। बीड के परली से विधायक धनंजय मुंडे पिछली सरकार में बीड के संरक्षक मंत्री थे। लेकिन जिले में सरपंच संतोष देशमुख की नृशंस हत्या को लेकर वह विवादों में हैं। इस मामले में मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को गिरफ्तार किया गया है।











## घने कोहरे में पेड़ से टकराई कार, 3 युवकों की मौत




**महराजगंज (उत्तरशक्ति)।** निचलौल थाना क्षेत्र के बहुआर मार्ग पर घने जंगलों के बीच स्थित वन देवी माता मंदिर के पास शनिवार रात करीब 11 बजे घने कोहरे के चलते एक कार पेड़ से टकरा गई। कार सवार तीन युवक गंभीर रुप से घायल होकर अचेत हो गए। इसी बीच रास्ते से गुजर रहे एक पुलिस कर्मी ने हादसे की सूचना थाने पर दी। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम एंबुलेंस की मदद से कार सवार तीनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया।

जहां पर डॉक्टरों ने तीनों घायल युवकों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, रात में हुए हादसा घने कोहरे में कार की रफ्तार अधिक होने के कारण हुई है। शनिवार को थाना क्षेत्र के बजहा उर्फ अहिरौली गांव के राजी टोला निवासी राजेश (23) के घर मामा और मौसा के लड़के शोभित उर्फ कलुआ (30) निवासी कोटवा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया और देवानंद उर्फ लकडू (23) निवासी भुजौली बाजार थाना खड्डा जिला कुशीनगर आए थे। तीन युवक देर शाम को एक कार में सवार होकर निचलौल के लिए निकले थे। जहां से तीनों युवक रात करीब 11 बजे फिर कार सवार होकर घर के लिए लौट रहे थे। अभी वह लोग बहुआर सड़क पर निचलौल वन रेंज के घने जंगलों के बीच स्थित वन देवी माता मंदिर के पास पहुंचे थे। इसी बीच कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। जिस दौरान कार सवार तीनों युवक राजेश, शोभित उर्फ कलुआ और देवानंद उर्फ लकडू की मौत हो गई। हादसे के बाद तीनों युवकों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। क्षेत्राधिकारी निचलौल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के बाद तत्काल मौके पर पहुंच कार सवार तीनों युवकों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पर्ल एकेडमी ने कॉमिक कॉन का पहला मेटा कैंपस लॉन्च किया

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, देश के प्रमुख क्रिएटिव शिक्षा संस्थान, पर्ल एकेडमी ने कॉमिक कॉन बेंगलुरु 2025 में भारत का पहला मेटा कैंपस लॉन्च किया है। यह पहल संस्थान की 32 साल की विरासत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो शिक्षा की सीमाओं को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और क्रिएटिविटी को एक पूरी तरह से इमर्सिव वर्चुअल वातावरण में एकीकृत कर रही है। पर्ल 2.0 मेटा कैंपस शिक्षा के अनुभव को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाता है, जिससे आगंतुकों को संस्थान की विविध पेशकशों को देखने का मौका मिलता है, जिसमें कार्यक्रमों की जानकारी, फैकल्टी का परिचय, छात्र परियोजना प्रदर्शन, छात्र सहभागिता कार्यक्रम और बहुत कुछ - एक भविष्यवादी मेटावर्स के भीतर शामिल है। यह सिर्फ एक कैंपस नहीं है; यह एक अनुभव है, जिसे शिक्षा की दुनिया में हमारे सीखने, जुड़ने और बातचीत करने के तरीके को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है।

पहली बार पेश किए गए इस अनोखे कांसेप्ट में, मेटा कैंपस पर्ल एकेडमी के भौतिक कैंपस के डिजिटल ट्विन के रूप में कार्य करता है, जो कई इमर्सिव जोन में फैला हुआ है। प्रत्येक जोन विभिन्न शैक्षणिक विषयों का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें इंटरएक्टिव टचपॉइंट्स शामिल हैं, जैसे कि एक वर्चुअल काउंसलर जो वास्तविक समय में सवालों का जवाब देता है, 3ऊइंस्टॉलेशन्स, लाइव फैशन शो, छात्रों के कार्यों की प्रदर्शनी, 'स्पिन द व्हील' गतिविधियाँ, कॉइन स्मैश चैलेंज, फोटो बूथ और बहुत कुछ।

सीबी अरुण कुमार, डीन, कम्युनिकेशन डिजाइन, फिल्म और गेमिंग, पर्ल एकेडमी ने लॉन्च के बारे में बात करते हुए कहा, हम कॉमिक कॉन बेंगलुरु 2025 में भारत का पहला मेटा कैंपस लॉन्च करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह पहल पर्ल एकेडमी की क्रिएटिव शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बने रहने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

भारत में क्रिएटिव शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते, पर्ल एकेडमी ने छात्रों को कम्युनिकेशन डिजाइन, प्रोडक्ट डिजाइन, फैशन, इंटीरियर्स और बिजनेस मैनेजमेंट के गतिशील क्षेत्रों में सफलता पाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करके अपनी पहचान बनाई है। इस इमर्सिव वर्चुअल अनुभव के माध्यम से, हम सीखने के भविष्य को अपना रहे हैं, जहां तकनीक और रचनात्मकता मिलकर हमारे छात्रों को एक बेहतरीन, भविष्य के लिए तैयार शैक्षिक अनुभव प्रदान करती है।

## महाकुंभ में लगी भीषण आग,आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जले

महाकुंभ नगर(उत्तरशक्ति)। महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में रविवार को एक शिविर में पुआल में लगी आग तेजी से फैल गई और आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जल गए। हालांकि अग्निशमन कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे सेक्टर 19 में आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। उन्होंने बताया, करीब एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं। इस आग में 18 तंबू जलकर नष्ट हो गए। आग फैलने के दौरान कई एलपीजी सिलेंडरों में विस्फोट भी शर्मा ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को संपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया तथा मुख्यमंत्री ने बताया कि कुशल दमकल कर्मियों के साथ-साथ एनडीआरएफ, व एसडीआरएफ की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है प्रयागराज के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे गीता प्रेस के शिविर में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस, प्रशासन और अग्निशमन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

उन्होंने बताया कि गीता प्रेस से लगे प्रयागवाल के करीब 10 तंबू में भी आग फैलने की सूचना मिली थी तथा स्थिति सामान्य हो गई है और किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। इससे पहले महाकुंभ नगर के अखाड़ा पुलिस थाना के प्रभारी भास्कर मिश्रा ने बताया था महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में दो एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे शिविरों में भीषण आग लग गई।महाकुंभ 2025 के आधिकारिक ह्यएक्स' हैंडल से जारी पोस्ट में कहा गया,बहुत दुखद! महाकुंभ में आग की घटना ने सभी को झकझोर दिया है। प्रशासन तत्काल राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित कर रहा है। हम सभी की सुरक्षा के लिए मां गंगा से प्रार्थना करते हैं।" सोशल मीडिया मंच से एक वीडियो क्लिप भी साझा किया गया है, जिसमें प्रभावित क्षेत्र से काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है।

## गल्ला व्यापारी पर गाड़ी चढ़ाकर मारने की कोशिश

**गोरखपुर(उत्तरशक्ति)।** रामगढ़ताल क्षेत्र की महेवा मंडी में गला व्यापारी संजय सिंघानिया को ट्रक से कुचलकर मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। व्यापारी की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में ट्रक नंबर यूपी 42-बीटी-1449 पर केस दर्ज कर पुलिस चालक की तलाश कर रही है। चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष गल्ला व्यापारी संजय सिंघानियां हुमायुंपुर दक्षिणी में रहते हैं। इनकी महेवा मंडी में दुकान है। व्यापारी ने तहरीर देकर बताया कि 17 जनवरी को दोपहर 1:10 बजे दुकान के सामने धूप में कुर्सी पर बैठे थे। इस बीच ट्रक चढ़ाने की कोशिश की गई। सामने से ट्रक आता देख उठकर भागा तब जाकर जान बच सकी। ट्रक कुर्सी पर धक्का देकर निकल गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। बताया कि ईमानदारी से काम करता हूं। गलत का विरोध करता हूं, यह बात धंधेबाजों को नहीं पसंद है। इसलिए यह हमला कराया गया है।

## रविन समूह ने अपनी 75वीं वर्षगांठ पर अजय देवगन को 2025 के विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का चेहरा घोषित किया




मुंबई(उत्तरशक्ति)। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते व्यवसायिक समूहों में से एक और भारत में स्थिरता और हरित पहलकदमियों के मामले में अग्रणी, रविन समूह ने अपनी 75वीं वर्षगांठ एक प्रेरणादायक और रंगीन शाम के साथ मनाई। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के नेताओं, नीति-निर्माताओं, बॉलीवुड हस्तियों और व्यापारिक दिग्गजों को एक साथ लाया गया। रदुनिया को एक स्थिर भारत की ओर ले जाना थीम पर आधारित इस कार्यक्रम ने रविन समूह की पर्यावरणीय स्थिरता, नवाचार और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर किया। साथ ही, इसने भारत के बुनियादी ढांचे को आकार देने में कंपनी की विरासत और एक हरे-भरे भविष्य के निर्माण के लिए समर्पण को भी स्वीकार किया। मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में, अजय देवगन को 2025 के विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने समूह के अभियान का पोस्टर जारी किया, जिसमें रविन समूह और भामला फाउंडेशन के बीच साझेदारी को प्रमुखता से दर्शाया गया। यह पहल प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने, स्थिरता को बढ़ावा देने, पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने और भारत की वैश्विक मंच पर मजबूत उपस्थिति को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। बॉलीवुड अभिनेता और व्यवसायी विवेक ओबेरॉय विशेष रूप से दुबई से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए और पूज्यब्रह्मविहारी स्वामी का परिचय कराया, जो बीएपीएस स्वामिनारायण संप्रदाय के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख और अबूधाबी में मंदिर के निर्माण के पीछे के दूरदृष्टा रहे हैं। श्रीमती पंकजा मुंडे, पशुपालन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री, ने इस पहल के प्रति अपना मजबूत समर्थन व्यक्त किया और कहा कि मंत्रालय ऐसे प्रयासों का समर्थन करेगा जो एक स्थिर भविष्य बनाने में मदद करें। इस अवसर पर रविन समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विजय करिया ने कहा, रविन समूह में हम गर्व महसूस करते हैं कि हम भारत की विकास यात्रा का हिस्सा हैं, जहां स्थिरता, विश्वसनीयता और नवाचार हमारे हर कार्य के मूल में हैं।

## खुले नाले में गिरकर पेट्रोल पंप के कर्मचारी की मौत

**मेरठ (उत्तरशक्ति)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में इंदिरा चौक के पास शनिवार सुबह पेट्रोल पंप के कर्मचारी सुनील कुमार (38) की खुले नाले में गिरकर मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में वह नाले में गिर गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंदिरा चौक के पास शनिवार सुबह लोगों ने नाले में शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव निकलवाया। आसपास के लोगों ने उसकी पहचान जिमखाना मैदान के सामने रहने वाले सुनील के रूप में की। वह पेट्रोल पंप पर काम करता था। मौके पर पहुंचे परिजनों के मुताबिक सुनील शनिवार सुबह करीब छह बजे घर से निकला था। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। इनमें से एक में सुबह करीब नौ बजे सुनील लड़खड़ाते हुए नाले में गिरते हुए दिखाई दिया। वह नाले से निकल नहीं पाया। पास ही स्थित दुकान का मालिक जब दुकान खोलने पहुंचा तो शव नाले में पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में युवक नाले में गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। सुनील का अपनी पत्नी से करीब दो वर्ष से विवाद चल रहा था। इसके चलते उसकी पत्नी अपने मायके में रह रही है। इस वजह से सुनील परेशान चल रहा था। वह अपनी मां के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि सुनील शराब पीने का आदी हो गया था। सुबह वह मां से 18 सौ रुपये लेकर घर से निकला था। बेटे की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची मां उसका शव देखकर बेसुध हो गई।

## बिहार के पहले अरांसिया इंटीरियर एक्सपीरियंस सेंटर अर्बनट्रेंड्ज का शुभारंभ



**पटना(उत्तरशक्ति)।** अर्बनकेयर ने पटना के बेली रोड स्थित आईएएस कॉलोनी के लीड्स टॉवर में बिहार के पहले अरांसिया इंटीरियर एक्सपीरियंस सेंटर, अर्बनट्रेंड्ज के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अर्बनकेयर के इस नए स्टोर का शुभारंभ अरांसिया के प्रबंध निदेशक समीर पटेल तथा शुभद्रा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया जबकि अर्बनकेयर के निदेशक बालकिशन कुमार एवं बीएमयूएस की अध्यक्षा उषा झा ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक सुविधा बिहार के इंटीरियर डिजाइन परिदृश्य में एक सफलता का प्रतिनिधित्व करती है, जो वैश्विक मानकों को स्थानीय आकांक्षाओं के साथ जोड़ती है। दस वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता के साथ इंटीरियर डिजाइन उद्योग में एक अग्रणी नाम, अर्बनकेयर, बिहार सरकार से सीड फंडिंग और मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला स्टार्टअप होने पर गर्व करता है। स्टार्टअप को पहले पूर्व उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रतिष्ठित बेस्ट स्टार्टअप इन बिहार पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, जिससे राज्य के उद्यमशीलता पारिस्थिति की तंत्र में अग्रणी के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। नए लॉन्च किए गए अर्बनट्रेंड्ज एक्सपीरियंस सेंटर में अरांसिया के प्रीमियम इंटीरियर समाधान प्रदर्शित किए गए हैं, जिसमें अत्याधुनिक कार्यक्षमता के साथ सुरुचिपूर्ण डिजाइन का मिश्रण है। इसका उद्देश्य बिहार में लोगों के घर और व्यावसायिक स्थान के अंदरूनी हिस्सों के प्रति दृष्टिकोण में क्रांतिकारी बदलाव लाना है, जिससे उन्हें आधुनिक एवं विश्वस्तरीय डिजाइन संभावनाओं पर प्रत्यक्ष नजर डालने का मौका मिलेगा। यह परियोजना बिहार में बढ़ती उद्यमशीलता की भावना और नवाचार को बढ़ावा देने में सरकारी सहायता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है। अर्बनकेयर अपनी यात्रा में बिहार सरकार द्वारा प्रदान की गई अमूल्य सहायता को स्वीकार करता है, जो राज्य में आर्थिक और रचनात्मक विकास के लिए सार्वजनिक-निजी सहयोग के महत्व को रेखांकित करता है। अर्बनट्रेंडज एक गेम-चेंजर बनने के लिए तैयार है, जो बिहार के विकास में योगदान करते हुए अपने निवासियों को परिष्कृत, उच्च-गुणवत्ता वाले इंटीरियर डिजाइन समाधानों तक पहुँच प्रदान करता है।

## ऑनलाइन चालान प्रणाली में सुधार की मांग,मनीष दुबे ने मंत्री प्रताप सरनाइक को दिया ज्ञापन



मुंबई ( उत्तरशक्ति)। महाराष्ट्र राज्य के मुंबई विभागीय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता और हिंदी भाषी सेल के अध्यक्ष मनीष दुबे ने आज परिवहन मंत्री श्री प्रताप सरनाइक से मुलाकात कर ऑनलाइन चालान प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें चालान प्रणाली की खामियों और नागरिकों को हो रही समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया गया। दुबे ने कहा कि हालांकि ट्रैफिक प्रबंधन और जुमार्ना प्रणाली का डिजिटलीकरण एक सकारात्मक कदम है, लेकिन कई बार नागरिकों, खासकर ऑटो रिक्शा मालिकों जैसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अवैध रूप से जुमार्ना भरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे नागरिकों का सिस्टम में विश्वास कमजोर हो रहा है और गलत चालानों की प्रक्रिया को चुनौती देना भी समय-साध्य और कठिन हो रहा है। सुधारित इमेज/वीडियो सत्यापन तकनीकः दुबे ने उन्नत ए.आई.-आधारित इमेज या वीडियो सत्यापन प्रणाली की आवश्यकता जताई, जिससे जुमार्ना केवल वैध अपराधियों के खिलाफ ही लगाया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि वाहन और चालक के वास्तविक समय डेटा से राज्य और राष्ट्रीय डेटाबेस को जोड़कर वाहनों के स्वामित्व का सत्यापन किया जाए ताकि गलत वाहन मालिकों पर चालान न लगाया जा सके। चालान से जुड़ी गलत साक्ष्य की पारदर्शिताः दुबे ने कहा कि नागरिकों को चालान से संबंधित साक्ष्य तक ऑनलाइन आसान पहुंच प्रदान की जाए, ताकि वे जुमार्ने की वैधता की समीक्षा और सत्यापन कर सकें।

दुबे ने यह उम्मीद जताई कि मंत्री श्री प्रताप सरनाइक के मार्गदर्शन में इन सुधारों को जल्द लागू किया जाएगा, ताकि नागरिकों को न्याय मिल सके और प्रणाली में विश्वास फिर से बहाल हो सके।

## प्लास्टिक थैलियों का विरोध एवं पर्यावरण की रक्षा हेतु समाज सेविका का अभियान



मुंबई। चेम्बूर की समाजसेविका श्रीमती कुसुम प्रताप सिंह ने प्लास्टिक थैलियों एवं प्लास्टिक से बने सामान का विरोध करने हेतु, तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए अनूठा अभियान शुरू किया है। वह स्वयं सिलाई कर थैलियां बनाती हैं, और महिलाओं को मुफ्त वितरण करती हैं। साथ ही महिलाओ को प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के बारे में बतलाती हैं तथा प्लास्टिक की थैली सामान न प्रयोग करने की सलाह देती हैं। क्योंकि मार्केट से लायी गयी सामान के साथ प्लास्टिक थैलियां हम कचरे के कूड़ेदान में डाल देते हैं।

वह कचरा डंपिंग ग्राउंड में डाला जाता है। वहां आग लगाकर जलाया जाता है। प्लास्टिक जलाने से हिलियम गैस उत्पन्न होता है जो मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिये बहुत घातक है।

कुसुम प्रताप सिंह का मानना है कि अपनी भावी पीढ़ियों का जीवन सुखमय बनाने हेतु, प्लेनेट फर्स्ट, अभियान को लक्ष्य बनाना आवश्यक है।

इसलिये पर्यावरण को सबसे गंभीर खतरा प्लास्टिक एवं प्लास्टिक से बने सामानों से है। यदि हम सभी जागरूक नहीं बने तो हमारी आने वाली पीढ़ी, हमारे भविष्य, हमारे बच्चों का जीवन दुःख मय हो जायेगा। अब तक 1000 से अधिक महिलाओं को कपडे की थैली वितरित कर चुकी कुसुम सिंह का मानना है कि विभिन्न क्षेत्रों के महिला /पुरुष, समाजसेवी संस्थाएं यह नेक कार्य शुरू करें तो पर्यावरण की रक्षा में अभूतपूर्व सहयोग किया जा सकता है।

## मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने सवा करोड़ की योजनाओ का किया शिलान्यास




सुरेश गांधी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने रविवार को मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना अंतर्गत शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड अकथा तड़ीया चकबीही में पन्नालाल राजभर के घर से लेकर शोभा राजभर के घर तक कच्ची गली लगभग 100 मी. जिसकी लागत 12.95 तथा वाराणसी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कार्य में चयनित वार्ड पहड़िया में विकास प्राधिकरण द्वारा बी ब्लॉक अशोक नगर कालोनी व महादेव नगर कालोनी के पार्कों का सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण के निर्माण कार्य लागत लगभग 1 करोड़, कुल 1 करोड़ 13 की लागत का शिलान्यास किया।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन कार्यों का आज शिलान्यास किया गया है, उन्हें युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ तत्काल पूर्ण कराए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर शत्रुघ्न सिंह, चंद्रिका सिंह, अजीत सिंह, अतुल सिंह, पार्षद संजय जायसवाल, पार्षद राजेश यादव, अरविंद जायसवाल, मनोज जायसवाल, हरिश्चंद्र मौर्या, आलोक देव मिश्रा तथा कलोनीवासी उपस्थित रहे।

## वसई अयप्पा मंदिर में हिंदू महासम्मेलन समारोह सम्पन्न

**वसई।** देश की खातिर देश के हिंदुओं को एक छत के नीचे आना चाहिए, अगर ऐसा होगा तो देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने की हिम्मत कोई नहीं कर पाएगा, यह कहकर कि देश की सुरक्षा के लिए 'एक ही तो है' 'सेफ है' का दावा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने किया भाजपा की महाराष्ट्र प्रदेश केरल शाखा के संयोजक और सनातन हिंदू सभा के वसई अध्यक्ष उत्तम कुमार की पहल पर हर साल की तरह इस साल भी वसई अयप्पा मंदिर में हिंदू महासम्मेलन-2025 का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए उपरोक्त टिप्पणी की इस अवसर पर बोईसर विधायक विलास तारे, महाराष्ट्र संत समाधि के महासचिव स्वामी श्री भारदानंद सरस्वती, मार्गदर्शक मंडल केरल के महासचिव संत स्वरूपानंद सरस्वती, साध्वी संगमेशानंद सरस्वती, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राज नायर, विश्वेश्वरानंद सरस्वती, सदानंदबेन महाराज, डॉ. इस अवसर पर संत महात्मा भार्गवराम आदि उपस्थित थे। नहीं श्रीपाद नाइक ने हिंदू विरोधियों से बदला लेते हुए कहा कि देश में आतंकवाद फेल गया है। यदि तभी देश के हिंदू एकजुट हो जाते तो उन पर अत्याचार करने वालों के मुंह बंद हो गए होते। कार्यक्रम के समापन समारोह में बोलते हुए सं. श्रीपाद नाइक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रगान का हवाला देते हुए 'हिंदू जगेगा तो देश जगेगा, मानवता का कल्याण होगा' का नारा लगाया और देश के सभी हिंदुओं से एकजुट होने की अपील की. कार्यक्रम के आरंभ में ओ.सी. राजकुमार ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रस्ताव रखा। सभी ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बोईसर विधायक विलास तारी ने कहा नहीं. श्रीपाद नाइक का अभिनंदन किया गया। कैलासपुरी महाकाल बाबा ने ग्लोबल वार्मिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा, प्राकृतिक संसाधन कम हो रहे हैं. इसकी रक्षा एवं संरक्षण करना सभी का परम कर्तव्य है, सभी इस बोध से कार्य एवं आचरण करेंगे तभी प्रकृति बचेगी। इस सम्मेलन के दूसरे दिन वसई में उपस्थित सभी साधु-संतों की भागीदारी के साथ एक भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए केजीएन कुरूप, हरिकुमार मेनन, ओ. सी। राजकुमार, श्रीकुमारी मोहन, प्रभा नायर, सिद्धेश तावड़े, वैभव चेंडेकर, शेमल अजगिया आदि पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अथक परिश्रम किया।

## अडवांस्ड टेक्नोलॉजी और स्टाइलिश डिजाइन के ईवी के साथ पटना में लॉन्च हुआ सिटीजन केअर ईवी मार्ट



**पटना(उत्तरशक्ति)।** सिटीजन केअर ग्रुप के तहत संचालित इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी सिटीजन केअर ईवी द्वारा रविवार को आशियाना - दीघा रोड में सिटीजन केअर ईवी मार्ट की लॉन्चिंग की गई। मार्ट का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रेम कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी एवं सिटीजन केअर ग्रुप के सीएमडी चंदन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आगत अतिथियों ने इस प्रतिष्ठित ईवी मार्ट के लिए चंदन कुमार को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह मार्ट बिहार के लोगों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध कराएगा। सिटीजन केअर ग्रुप के सीएमडी चंदन कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता और उसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। इलेक्ट्रिक व्हीकल भारतीय ऑटोमोबाइल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में हमारी कंपनी ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर और टू-व्हीलर का निर्माण कर कई आकर्षक प्रोडक्ट मार्केट में पेश किया है जो कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को नई ऊंचाई देने के साथ ही ग्राहकों की जरूरत को पूरा करते हैं। नए फीचर्स, अडवांस्ड टेक्नॉलजी और स्टाइलिश डिजाइन वाले ये नए मॉडल अलग-अलग सेगमेंट में पैसेंजर और कार्गो, दोनों तरह की जरूरतों को पूरा करके परिवहन क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चंदन कुमार ने बताया कि ईवी प्लेयर के तौर पर कंपनी आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट में अपनी मजबूत छाप छोड़ेगी। कंपनी का लक्ष्य किफायती दरों पर लोगों कोअच्छे प्रोडक्ट उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने रणनीतिक साझेदारी में इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादों की बाजार में बिक्री कर रही है। कंपनी द्वारा गाजियाबाद में हाल ही में एक अत्याधुनिक प्रोडक्शन यूनिट स्थापित किया गया है।

## ई-रिक्शा पाट्‌र्स की दुकान में सेंध लगा 10 लाख का सामान चोरी

**हमीरपुर (उत्तरशक्ति)।** नवीन गल्ला मंडी के समीप शनिवार रात चोर ई-रिक्शा पाट्‌र्स की थोक की दुकान की दीवार में सेंध लगाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सुबह घटना का पता चलने पर दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर व्यापार मंडल को सूचित किया। सूचना पर व्यापार मंडल के साथ पहुंची पुलिस ने मुआयना कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। नवीन गल्ला मंडी के पास कस्बा निवासी दिनेश तिवारी की ई-रिक्शा पाट्‌र्स की थोक की दुकान है।

दुकानदार दिनेश ने बताया कि शनिवार रात आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चले आए। चोरों ने रात में पीछे से दुकान की दीवार तोड़कर लाखों रुपये कीमत की बैटरी व पाट्‌र्स चोरी कर लिए। सुबह घटना का पता चलने पर उसने पुलिस सहित व्यापार मंडल को सूचित किया। सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज मनीष पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू आदि व्यापारी नेता घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना के बाद कस्बा इंचार्ज ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को दी गई तहरीर में दस लाख से अधिक का सामान चोरी होने का आरोप लगाया है। व्यापार मंडल ने कस्बे में बढ़ रही चोरी की घटनाओं के प्रति आक्रोश जताकर जल्द खुलासे की मांग की है।






## स्कूली छात्र छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ



कल्याण। कल्याण पूर्व स्थित होली होराइजन स्कूल के छात्र छात्राओं ने आजीवन नशा ना करने की शपथ लीं. स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रमाकांत क्षितिज ने छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई. सभी ने अग्नि व अपने माता पिता, अपने परिवार जनों, संत महात्माओ, मित्रों औ? शिक्षकों को साक्षी मानकर शपथ लीं. इस अवसर पर दीपक को हाथ में लेकर छात्र छात्राओं ने शपथ ली. इस तरह का आयोजन डॉ. रमाकांत क्षितिज कल्याण मुंबई के साथ अमेठी उत्तर प्रदेश औ? महाराष्ट्र के ही सोलापुर में भी कर चुके हैं. इस शपथ समारोह की चर्चा एवं प्रशंसा भूरि भूरि कल्याण पूर्व सहित अमेठी में भी होती रहती है.

## पारंपरिक भोज घुघुरी सलोनी रस का कार्यक्रम संपन्न



मुंबई। श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 19 जनवरी दिन रविवार को सागर पार्क अमृतनगर घाटकोपर वेस्ट मुंबई मे पारंपरिक भोज घुघुरी (सलोनी) और गन्ने का रस का आयोजन समिति के प्रमुख मार्गदर्शक चंद्रशेखर आर शुक्ल के नेतृत्व में समिति अध्यक्ष प्रभाकर सी. शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है. कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया और घुघुरी ₹सलोनी₹ के साथ गन्ने के रस का भरपुर आनंद उठाए और भूरि भूरि प्रशंसा किए. इस अवसर पर समिति के प्रमुख चंद्रशेखर आर शुक्ल, नवभारत के मुंबई संपादक बृजमोहन पांडेय, आई पी पांडेय, श्रीनाथ पांडेय, सर्वदेव पांडेय, हरीशनाथ पांडेय, मनिकेश तिवारी,बृजेश शुक्ल, अरविंद शुक्ल, दिनेश सिंह, बुलट सिंह, अवधेश तिवारी, आचार्य नीरज मिश्र, संदीप शुक्ल,प्रशांत शुक्ल,शुभम सिंह, दिनेश शर्मा, रामतीर्थ शर्मा, रोहित चौधरी, सुभाष माने, राजेश पांडेय, विजय मिश्र, अमित सिंह,तपस्वी चौरसिया, रमापति यादव सहित समिति के तमाम पदाधिकारी, सदस्य गण एवं अन्य गण मान्य लोग मौजूद थे.

## मलाड में 100 नंबर पर फोन करने से शिकायतकर्ता पर ही हुआ मामला दर्ज

मुंबई। मलाड स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में पूर्व ट्रस्टी हरिप्रकाश सिंह,



जयप्रकाश सिंह और उनकी टोली के गलत तरीके से घुसने से स्कूल पर कब्जा करने के उद्देश्य और स्कूल में अशांति फैलाने से स्कूल के वर्तमान ट्रस्टी खौफजदा है, इस मामले में पहले से पुलिस को कंप्लेन करने और घटना होने पर पुलिस को 100 नंबर पर कॉल करने पर उन्हें प्रोटेक्शन देने की बजाय उनपर ही मामला दर्ज किया है। यह आरोप स्कूल की ट्रस्टी डॉक्टर नूतन शमशेर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर लगाया है,और अपना पक्ष रखा है, उनका कहना है कि स्कूल की बढ़ती लोकप्रियता और मैनेजमेंट की इमेज को खराब करने के उद्देश्य से उपर्युक्त आरोपी उनकी टोली ने स्कूल के हिंदी विभाग के शिक्षकों का सहारा लिया है। और स्कूल में हंगामा किया जिसकी सीसीटीवी पुलिस के पास जमा कर दी गई है।स्कूल में मराठी विभाग और इंग्लिश विभाग के शिक्षकों ने इसका पुरजोर विरोध किया है। दरअसल ये बात फैलाई जा रही है कि स्कूल के शिक्षकों की सैलरी नहीं दिया जबकि आज के डेट तक सभी शिक्षकों की सैलरी क्लियर है। स्कूल के बारे में सोशल मीडिया का उपयोग कर दुष्प्रचार करना, हिंदी विभाग के शिक्षकों से काम करने की बात करने पर उनके द्वारा अनशन करना।और अब भी टीचरों के स्कूल में न आने से क्लास दसवीं के छात्रों का नुकसान हो रहा है। इस मामले की रिपोर्टिंग करने आए पत्रकार दीनानाथ तिवारी के मुताबिक उनपर भी मामला दर्ज हुआ है। वहीं इस बाबत कुरार पुलिस का कहना है कि पुलिस ने दोनों पक्षों के ऊपर कारवाई कर मामला दर्ज किया है और इस मामले की इन्वेस्टीगेशन कर रहीं है।

## भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान का आयोजन




मुंबई(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा चांदीवली विधानसभा की तरफ से रविवार को मेघा सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम साकीनाका मेट्रो हालीडे इन होटल के पास सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चला। जहां पर सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था रखते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट वीरेंद्र दुबे व सुरेंद्र यादव अध्यक्ष चांदीवली विधानसभा उत्तर भारतीय मोर्चा द्वारा किया गया। जिसमे भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, मुम्बई उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा, एडवोकेट अनिकेत उज्ज्वल निकम, चांदीवली विधानसभा अध्यक्ष प्रकाश मोरे, भाजपा मुंबई सचिव सीताराम तिवारी, मुंबई मनोरिटी सेल के अध्यक्ष वसीम खान, एड. जयप्रकाश शेट्टी जिला उपाध्यक्ष, चतुर्वेदी, वीएन सैनी, प्रदीप त्रिपाठी, मनोज दूबे और पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम किया गया।

# 500 किलोमीटर की नॉन-स्टॉप यात्रा अब संभव, ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक की नई इलेक्ट्रिक बसें हुई लॉन्च

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल ऑटो एक्सपो में देशी और विदेशी कार और बाइक के शानदार प्रदर्शन के बीच ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने अपनी अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक बसों का अनावरण किया। ये बसें एक बार चार्ज होने पर 500 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकेंगी, जिससे आप बिना रुके मुंबई से पुणे या नागर तक की यात्रा कर सकते हैं। ओलेक्ट्रा ने इस नए लॉन्च में 12-मीटर ब्लेड बैटरी प्लेटफॉर्म और नई डिजाइन की 9-मीटर सिटी और 12-मीटर कोच बसों को शामिल किया है। महाराष्ट्र में अपनी पकड़ मजबूत कर, ओलेक्ट्रा को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम को इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति का ठेका




दिया गया है।

ब्लेड बैटरी प्रौद्योगिकी की बदौलत, ये बैटरी 30% अधिक ऊर्जा भंडारण क्षमता प्रदान करती हैं, जिससे 500 किलोमीटर का सफर सम्भव होता है। बैटरियों का जीवन काल 5,000 से अधिक चार्ज चक्रों तक है, और ये अंतर्राष्ट्रीय मानकों के कड़े परीक्षणों में सफल रही हैं। उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणाली (एडीएएस), जीपीएस ट्रैकिंग और सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा सुविधाओं के कारण, इन बसों को उच्च सुरक्षा प्रदान करता है। इन्होंने पारंपरिक डीजल बसों की तुलना में, परिचालन लागत को भी कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार करने का वादा किया है। ओलेक्ट्रा के इस कदम से भारत अपनी विदेशी मुद्रा और जीवाश्म ईंधन (डीजल) की लागत में कमी ला सकता है, जिससे देश को

## बिंद समाज विकास संघ द्वारा सूरत महानगर की बैठक संपन्न

सूरत (उत्तरशक्ति) गत रविवार बिंद समाज विकास संघ जिला सूरत महानगर की बैठक, श्री संत रघुवर दास विद्यालय महादेव नगर पांडेसरा सूरत में संघ के सूरत जिला महिला अध्यक्ष बिंदु बिंद एवं सूरत जिला अध्यक्ष संजय बिंद के आह्वान पर एक बड़े पैमाने पर बैठक, की गई। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष स्वजातीय कार्यकताओं ने भाग लिया। जिसमें सभी कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। संघ के सूरत जिला अध्यक्ष संजय बिंद ने कहा कि हम सभी को अपने समाज के बच्चों को जो पढ़ना चाहते हैं उन्हें भरपूर मदद करनी चाहिए। क्योंकि शिक्षा से ही विकास संभव होगा, सूरत जिला अध्यक्ष ने अपने विचारों से सभी का हौसला बढ़ाते हुए संघ और समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए आह्वान किया। बिंदु बिंद ने कहा



जिस तरह से पुरुष हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज का हिस्सा बनते हैं इसी तरह से हम सभी महिलाओं को एकजुट होकर बिंद समाज विकास संघ के विचारों को और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तन मन धन से मेहनत करना होगा और अपने बच्चों को शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। हम सभी एक-एक महिलाओं को सामाजिक विकास के साथ साथ, राजनीतिक स्तर पर भी कदम बढ़ाने होंगे और अपने विचारों को रखते हुए हर महिला का हौसला बढ़ाकर राजनीतिक क्षेत्र में लाना होगा ताकि महिलाएं भी संसद के दोनों सदनों में खड़े होकर अपने अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ सके। सभी महिला पुरुष कार्यकताओं ने बिंद समाज विकास संघ के कार्यों को खूब सराहना की और जमकर तारीफ की आज बिंद समाज विकास संघ अपने हर उद्देश्य को पूरा करने में सफलता प्राप्त कर रहा है और सभी स्वजातीय एवं गैर स्वजातीय बंधुओ को भी साथ लेकर हर समाज के कुरीतियों बुराइयों, नशाखोरी, फालतू के मुकदमेबाजी, इन सभी पर लोगों के घर घर जाकर जागरूकता अभियान चलाए जाने पर जोर दिया गया।

## भारत में 62वां शोरूम खोलने का ऐतिहासिक क्षण

पटना। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार के पटना स्थित राजा बाजार में अपना 6वां एक्सक्लूसिव शोरूम भव्य उद्घाटन के साथ लॉन्च किया। यह किसना का भारत में 62वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। इस शुभ अवसर पर घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरी कृष्णा ग्रुप, ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शोरूम के उद्घाटन के उपलक्ष्य में किसना द्वारा डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट और गोल्ड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 25% तक की छूट दी जा रही है।

## खुटहन पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर अभियुक्तों को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष खुटहन के कुशल नेतृत्व में थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति /वाहन तलाश वाछिंत अभियुक्त के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर बहद ग्राम लक्ष्मी शंकर मोड लोनिया पट्टी से तीन मोटरसाइकिल सवार , प्रिन्स यादव पुत्र सुबाष यादव निवासी कपसिया थाना खुटहन जनपद जौनपुर, अवनीश यादव पुत्र यशवन्त यादव निवासी खोभरिया थाना खुटहन जनपद, अनुज कश्यप पुत्र सनोज कश्यप निवासी बन्धनपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर को पकड़ लिया गया जामातलाशी के



दौरान अवनीश यादव पुत्र यशवन्त यादव निवासी खोभरिया थाना खुटहन जनपद जौनपुर के पास से से 01 देशी पिस्टल .32 बोर , प्रिन्स यादव पुत्र सुबाष यादव निवासी कपसिया थाना खुटहन जनपद जौनपुर उपरोक्त के पास से 01 देशी तमन्चा 12 बोर व 01 जिन्दा 12 बोर कारतूस तथा अनुज कश्यप उपरोक्त के पास से 01 तमन्चा 12 बोर बरामद हुआ जिसे खोल कर देखा गया तो चैम्बर मे 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर मौजूद बरामद हुआ। जिसके उपरान्त दिनांक 19.01.2025 को समय 04.00 बजे सुबह नियमानुसार गिरफ्तार करते हुये हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 22/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये समक्ष न्यायालय भेजा जा रहा है।

## प्रयागराज महाकुंभ 'IIT वाले बाबा जूना अखाड़े से निकाले गए

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** प्रयागराज महाकुंभ में IIT वाले बाबा के नाम से चर्चा में आए अभय सिंह को जूना अखाड़े ने निष्काषित कर दिया है।उनके खिलाफ यह कार्रवाई,माता-पिता और गुरु के अपमान पर की गई है। यह कार्रवाई जूना अखाड़े की अनुशासन समिति ने की है। यह कार्रवाई शनिवार की देर रात पंच परमेश्वर की बैठक के बाद अखाड़े की अनुशासन कमेटी ने की है। अभय सिंह के जूना अखाड़े में प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।यह जानकारी अखाड़े के सचिव हरि गिरि ने दी है।सोशल मीडिया पर अचानक चर्चा में आए: बता दें कि इन दिनों महाकुंभ में क्क्ळ वाले बाबा यानी अभय सिंह सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में बने हुए हैं।पहली बार वह अपनी खास मुस्कान को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में आए थे. इस बीच उन्होंने अपने कई इंटरव्यू में घर छोड़ने की वजह माता-पिता को बताया था।हरियाणा के झज्जर जिले के रहने वाले अभय के पिता कर्ण सिंह एडवोकेट हैं।अभय ने क्क्ळ बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की थी। इसके बाद उन्होंने कनाडा की एक कंपनी में काम भी किया था। इस बीच अचानक वह घर लौटे थे और गायब हो गए थे।इसके बाद वह महाकुंभ में नजर आए। 11 महीने पहले परिवार से दूर हो गए: परिवार के मुताबिक अभय करीब 11 महीने पहले सभी के संपर्क से दूर हो गए। इसके बाद उनका कुछ भी नहीं पता चला था। महाकुंभ से उनका वीडियो वायरल होने के बाद उनके पिता कर्ण सिंह प्रयागराज पहुंचे थे।इस बीच उन्हें पता चला कि अभय सिंह महाकुंभ छोड़कर कही जा चुके हैं।अभय सिंह के बयान चर्चा में आए: आईआईटी वाले बाबा ने परिवार और माता-पिता के साथ ही गुरु को लेकर कुछ ऐसे बयान दिए जो चर्चा का विषय बन गए हैं। इसे लेकर संतों ने भी आपत्ति जताई। कहा कि माता-पिता और गुरु का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। क्या कहा था अभय ने: एक चैनल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी में वैराग्य का भाव उसी समय आने लगा था। जब उन्होंने अपने घर में माता-पिता के बीच झगड़े को देखा. सोचा कि अगर झगड़ा ही करना है।तो फिर शादी क्यों की. इसके अलावा उन्होंने अपने गुरु को लेकर भी अमर्यादित बयान दिए थे।माता पिता भगवान से बड़े नहीं हो सकते: इसके अलावा उन्होंने कहा था कि माता-पिता भगवान से बड़े नहीं हो सकते हैं।उनके इस बयान पर जूना अखाड़े ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद जूना अखाड़े ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पंडाल छोड़ देने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अभय सिंह कहीं चले गए थे। अब जूना अखाड़े ने इस मामले में सख्त एक्शन लेते हुए. उन्हें निष्कासित कर दिया। अब वह जूना अखाड़े से जुड़े संत नहीं हैं। क्या बोले संतः श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के प्रमुख संत हरि गिरि जी महाराज ने ईटीवी भारत को बताया कि अपने गुरु का असम्मान करने और अखाड़े की परंपरा को तोड़ने का हक किसी को भी नहीं है। गुरु, माताझ्रपिता का सम्मान करना अखाड़े की पहली अनिवार्य योग्यता है।यह संन्यास की भी सबसे अनिवार्य योग्यताओं में से एक है।अभय सिंह इस पहली योग्यता में असफल साबित हुए हैं। इस वजह से उन्हें अखाड़े से अनुशासनहीनता और गुरु-शिष्य परंपरा को तोड़ने के आरोप में निष्कासित करा दिया गया है। वह अखाड़े के अनुशासन को तोड़ रहे थे। अभय सिंह गुरु शिष्य परंपरा से परे हटकर काम कर रहे थे। यह संन्यास के सिद्धांतों के खिलाफ है।अखाड़े में सम्मान पहली योग्यता: संत हरी गिरि ने कहा कि अपने गुरु के प्रति असम्मान का मतलब है कि सनातन धर्म और अखाड़ा की परंपरा के प्रति असम्मान.अखाड़े में अनुशासन ही सर्वोत्तम परंपरा है। अनुशासन और अखाड़े की परंपरा के ऊपर कोई भी नहीं है। मैं भी नहीं. हरी गिरि का कहना है कि अभय सिंह ने अखाड़े की परंपरा को तोड़ा है।

## वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेन्द्र वानकुटे का हुआ सम्मान



पालघर (उत्तरशक्ति)। मीरा भयंदर पुलिस आयुक्त के तहत आने वाले पालघर जिले में स्थित पेल्हार पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के पद पर जितेंद्र वानकुटे की नियुक्ति की गई है पदभार ग्रहण करने के बाद वानकुटे साहब को पुष्प गुच्छ देकर विकास यादव , आकाश प्रजापति , पत्रकार आनंद मिश्रा सहित अन्य लोगों ने सम्मान पर स्वागत किया ।

## महाकुंभ में जेसीबी से जमीन बराबर करते समय नवजात का शव मिला

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-6 में जेसीबी से जमीन बराबर करते समय एक नवजात का जमीन में दफनाया हुआ शव मिला।अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। एंबुलेंस बुलाई गई और नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नवजात का शव करीब 10 दिन पहले का बताया जा रहा है।पुलिस ने काम रुकवा दिया है। शव किसने और क्यों दफनाया पुलिस इसका पता लगाने की कोशिश कर रही है।जेसीबी से जमीन का समतलीकरण किया जा रहा था तभी लाल कपड़े में जेसीबी चालक को कुछ दिखाई दिया। चालक ने उतरकर देखा तो कपड़े में नवजात बच्चे मेल ,का शव दिखाई दिया। इसके बाद काम को रोक दिया गया और अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने काम रुकवा दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महाकुंभ दौरे के एक दिन पहले महाकुंभ क्षेत्र में एक बार फिर बम होने की अफवाह उड़ी।सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर शनिवार की रात में सर्च ऑपरेशन चलाया. संदिग्ध लोगों से पूछताछ की, डॉग स्क्वायड टीम ने संगम नोज, वीवीआईपी पंडालों को खंगाला, हालांकि कहीं कुछ भी नहीं मिला।पुलिस इसके पीछे शरारती तत्वों का हाथ मान रही है।पुलिस लगातार एआई कैमरे से महाकुंभ क्षेत्र पर गहन निगाह रखे हुए हैं।हर संदिग्ध गतिविधि की जांच की जा रही है।महाकुंभ में आने वाली गाड़ियों की भी जाच की जा रही है।

जन्मदिन पर हार्दिक अभिनन्दन



दिनांक: 20 जनवरी 2025
कैलाश चंद्रधारी यादव
राष्ट्रीय प्रवक्ता: उत्तर यादव युवा संघ
उपाध्यक्ष : कल्याण फ्लोरीमिल एसोसिएशन कल्याण, महासचिव विंग फाउंडेशन
तुम जीयो हजारो साल
साल के दिन हो दस हजार

